# AWC आंगनवाड़ी केंद्र में सामाजिक-भावनात्मक सीखने की प्रक्रिया पर आधारित वास्तविक अनुभव

## i. झुंझलाहट को संभालना

परिस्थिति: दो बच्चे एक ही खिलौने से खेलना चाहते हैं। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता (AWW) को क्या करना चाहिए?

वह इस स्थिति को एक सामाजिक-भावनात्मक सीखने की प्रक्रिया के पाठ में कैसे बदल सकती है और बच्चों में समस्या को सुलझाने की क्षमता, धैर्य, और न्याय की समझ कैसे विकसित कर सकती है?

## ii. निराशा को संभालना

परिस्थिति: एक बच्चा दौड़ में हार जाता है और उदास हो जाता है। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता इस स्थिति को एक सामाजिक-भावनात्मक सीख के अवसर में कैसे बदल सकती है, जिससे बच्चे अपनी भावनाओं को समझना और संभालना सीखें, धैर्यपूर्ण प्रतिक्रिया देने की क्षमता विकसित करें और खेल भावना को अपनाएं?

## iii. आक्रामक या आत्म-हानिकर व्यवहार को संभालना

परिस्थिति: एक बच्चा अपने भावनात्मक असंतुलन को आक्रामक व्यवहार जैसे मारना, काटना, छीनना आदि के माध्यम से व्यक्त कर रहा है। यह अचानक शुरू हुआ है। पहले वह बच्ची शांत और मिलनसार थी। ऐसी परिस्थितियाँ तत्काल शिक्षक/आंगनवाड़ी कार्यकर्ता द्वारा शांत करने वाली तकनीकों के उपयोग की मांग करती हैं। ऐसी स्थिति में आप आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को क्या सुझाव देना चाहेंगे?